# BHEL ने 50 किलोवाट एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र प्रणाली के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता (TTA) किया




28 मई, नई दिल्ली: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) ने हाइड्रोजन उत्पादन हेतु 50 किलोवाट एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र प्रणाली के लिए भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC) के साथ एक प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौता (TTA) किया है। BARC द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक पूर्णतः सिद्ध है और इसमें स्थानीय सामग्री की प्रचूरता है।

श्री जय प्रकाश श्रीवास्तव, निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास), बीएचईएल की उपस्थिति में बीएचईएल की ओर से श्री के. रविशंकर, कार्यपालक निदेशक (कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी प्रबंधन और आर एंड डी), और BARC की तरफ से डॉ. एस. अधिकारी, एसोसिएट निदेशक (नॉलेज मैनेजमेंट ग्रुप), ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

BARC के साथ इस सहयोग के माध्यम से BHEL का स्वदेशी एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र प्रौद्योगिकी को रिफाइनरी, उर्वरक, इस्पात, परिवहन आदि क्षेत्रों में अनुप्रयोग के लिए इसका व्यावसायीकरण करने का इरादा है। यह 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन' और 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' में BHEL के योगदान में एक और कदम होगा।